महत्वपूर्ण एवं खास

महापौर एजाज ढेबर को पुछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया गया

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के महापौर एजाज ढेबर को मंगलवार को पुछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया गया। ईडी के समन पर महापौर प्रवर्तन निदेशालय के रायपुर स्थित दफ्तर पहुंचे जहां उनसे पूछताछ की गई। वहीं इसकी जानकारी लगते ही ईडी कार्यालय के बाहर समर्थकों का जमावड़ा लग गया। बताया जा रहा है कि मार्च में एजाज ढेबर के घर पर पड़े छापे में ईडी की टीम को कुछ सबूत मिले हैं, इस बारे में महापौर से पूछताछ की गई। हालांकि पहले भी महापौर कह चुके हैं कि ईडी जानबूझकर उन्हें परेशान कर रही है। पिछली बार जब ईडी ने रायपुर महापौर एजाज ढेबर के घर पर छापा मारा था तो उन्होने अफसरों पर परेशान करने का आरोप लगाया था। महापौर ने कहा था कि ईडी के पास कुछ सबूत है तो उसे बताए। कांग्रेस यहां मजबूत है इसलिए छापे पड़ रहे हैं। हमे जबरदस्ती परेशान किया जा रहा है।

रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन

भिलाई (आरएनएस)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत आरएसएम विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक हेमंत कुमार चंद्राकर को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया तथा करतार दहिया, मास्टर टेक्नीशियन एवं प्रवीण कुमार देशमुख, ओसीटी को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस समारोह में महाप्रबंधक एन के खरे, एच आर मेघवाल, सुनील सोरते एवं अतुल दुबे मलिक, एस चट्टोपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कार्मिक उपस्थित थे। समारोह में मुख्य महाप्रबंधक (आरएसएम एवं आरटीएस) तीर्थंकर दस्तीदार द्वारा स्मृती चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र तथा मिठाई का कूपन देकर सम्मानित किया गया। शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित होने वाले सभी कर्मियों को बधाई देते हुए उनके कार्य के प्रति कर्मठ योगदान की प्रशंसा की। पुरस्कृत कार्मिकों ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के पुरस्कार से उनका मनोबल बढ़ा है एवं उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कर्म शिरोमणि एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार अपने कार्यस्थल में नवीनता, बेहतर संसाधनों का उपयोग एवं संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने, सुरक्षा के मानक मापदण्डों के साथ विभाग में उल्लेखनीय कार्य करने पर दिया जाता है। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी जसबीर सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश बाबु एवं भुवन साहू का सराहनीय योगदान रहा।

विवाहिता से छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। विवाहिता से छेडख़ानी कर आबरू लूटने की नीयत से जमीन पर पटकर कलाई तोडऩे वाले आरोपी को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया, जिसे रिमांड पर न्यायालय भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार पाली थाने के चैतमा पुलिस चौकी के बेनियामा रामाकछार निवासी 36 वर्षीय महिला का पति रोजी-मजदूरी करने बाहर गया हुआ है। जबकि वह पति के न रहने पर विगत 29 अप्रैल को रात्रि 8 बजे अपनी भतीजी को उसके घर पहुंचाने जा रही थी उसी दौरान गांव का ही पड़ोसी युवक प्रफुल्ल टोप्पो उम्र 28 पिता इग्नेश टोप्पो ने उसे रास्ते में रोककर बिजली खंभा के पास छेडख़ानी करने लगा। प्रतिकार करने पर उसे बलपूर्वक जमीन पर पटक दिया। जिससे उसकी कलाई टूट गई। उसके चिल्लाने पर पड़ोसी एकत्रित हो गए। जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। इस घटना की रिपोर्ट पीडि़ता ने चैतमा चौकी पहुंचकर दर्ज करा दी थी जबकि आरोपी फरार हो गया था। इसी बीच महिला संबंधी अपराध होने के कारण इसे गंभीरता से लेते हुए लगातार चैतमा चौकी प्रभारी सुरेश जोगी द्वारा आरोपी को पकडऩे के लिए दबिश दी जा रही थी।

छत्तीसगढ़ में किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए संचालित की जा रही है सिल्क समग्र योजना

- रेशम अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ
- केन्द्रीय रेशम बोर्ड बैंगलूरू के अधिकारी दे रहे हैं प्रशिक्षण

रायपुर (आरएनएस)। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए रेशम पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है, छत्तीसगढ़ में इसके लिए सिल्क समग्र योजना-2 शुरू की गई है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य के 14 जिलों के रेशम अधिकारियों के तकनीकी उन्नयन के लिए केन्द्रीय रेशम बोर्ड बेंगलूरू और ग्रामोद्योग विभाग के रेशम प्रभाग के संयुक्त तत्वाधान में 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

एक मई से शुरू हुए प्रशिक्षण में अधिकारियों को किसानों को सहायता, कृषकों को प्रशिक्षण, विस्तार प्रबंधन, रेशम उत्पादन एवं व्यावसायिक उद्देश्य, क्लस्टर एप्रोच, शहतूती पौधों का विकास एवं प्रबंधन, रेशम विस्तार कृषकों के यहां बुनियादी सुविधाओं का विकास, अधोसंरचनाओं का निर्माण, शहतूत पौधों के रोग एवं कीट प्रबंधन, रेशम कीट पालन प्रबंधन एवं सावधानियां की जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण में जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, रायपुर, मुंगेली, बिलासपुर, कांकेर, बस्तर, नारायणपुर, कोण्डागांव जिलों से जिला अधिकारी एवं प्रक्षेत्र अधिकारी शामिल हैं। प्रशिक्षण सत्र के शुभारंभ अवसर पर संचालक ग्रामोद्योग अरूण प्रसाद पी0 और अपर संचालक डॉ0 राजेश बघेल, ने बताया कि छत्तीसगढ़ में किसानों के आमदनी को बढ़ाने के लिए रेशम विकास एवं विस्तार को प्रथम प्राथमिकता दी जा रही है। प्रशिक्षण में कृषकों को दी जाने वाली वित्तीय एवं तकनीकी सुविधायें तथा राज्य सरकार के द्वारा कृषकों के हित में दी जाने वाली वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सिद्धिकी अली अहमद, प्रोग्राम को-आर्डिनेटर, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, बेंगलूरू के द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण में डॉ0 सुरेश के0, डॉ0शशिन्द्रन नायर, आर0के0 सिन्हा, सव्यसाची खान रेशम वैज्ञानिकों के द्वारा महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों पर दी जा रही है। इसके अलावा अतुल शाह और सुश्री किरण चारी अंर्तराष्ट्रीय प्रशिक्षणविदों के द्वारा रेशम विकास की योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में सिल्क समग्र योजना-2 के तहत निजी क्षेत्र में किसानों की निजी भूमि पर रेशम विस्तार कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में सिल्क समग्र योजना के क्रियान्वयन के लिए कृषकों का चयन किया जा रहा है। लगभग 975 एकड क्षेत्र पर शहतूत पौधरोपण किये जाने की प्रारंभिक तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। योजना में 53 लाख 62 हजार उन्नत प्रजाति के शहतूत पौधे तैयार किये जा रहे हैं, जिनका रोपण जुलाई-अगस्त में किया जायेगा।

जातामाटी व ढोढ़ाबहार में हाथियों ने पांच मकानों को किया ध्वस्त

कोरबा (आरएनएस)। वन विभाग के तमाम कोशिशों के बाद भी जिले के कटघोरा वनमंडल के हाथी प्रभावित केंदई व पसान रेंज में हाथियों का उत्पात नहीं थम रहा है। यहां बड़ी संख्या में सक्रिय हाथियों के झुंड ने बीती रात केंदई रेंज के दो गांवों जातामाटी व ढोढ़ाबहार में उत्पात मचाते हुए 5 ग्रामीणों के मकानों को ढहा दिया जिससे वे बेघर हो गए।

जानकारी के अनुसार पसान रेंज में 9 तथा केंदई रेंज के कापानवापारा व लालपुर क्षेत्र में 34 हाथी घूम रहे हैं। इन्हीं में से लालपुर में मौजूद 21 हाथी बीती रात जंगल से बाहर निकलकर जातामाटी व ढोढ़ाबहार गांव पहुंच गए। अचानक पहुंचे हाथियों के झुंड ने गांव में जमकर कहर ढाना शुरू कर दिया। इस दौरान हाथियों ने जातामाटी गांव में चार ग्रामीणों के घरों को निशाना बनाते हुए बुरी तरह ध्वस्त कर दिया। जिससे घुरन साय, प्रेमलाल, शिव प्रसाद, शिव वचन का परिवार बेघर हो गया है। वहीं ढोढ़ाबहार में अमान सिंह के घर को भी निशाना बनाया गया। हाथियों ने उसके घर को भी तोड़ दिया है। इतना ही नहीं वहां रखे चावल, धान व अन्य अनाज को भी चट कर दिया। हाथियों द्वारा रात में लालपुर क्षेत्र के दो गांव में उत्पात मचाए जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और हाथियों द्वारा किये गए नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। क्षेत्र में बड़ी संख्या में घर तोड़े जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उनमें जमकर आक्रोश भी है। ग्रामीणों के मुताबिक हाथियों का उत्पात पूरे रात भर चला। इस दौरान वे डर के मारे अपने.अपने घरों में दुबके रहे।

रेलवे इंस्टीट्यूट ने शारीरिक स्वास्थ्यता बनाए रखने के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का किया शुभारंभ

दल्लीराजहरा (आरएनएस)। रायपुर रेल मंडल के तहत ग्रीष्मकालीन शिविर रेलवे इंस्टीट्यूट दल्लीराजहरा के द्वारा शारीरिक स्वस्थता बनाए रखने हेतु ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन का शुभारम्भ रेलवे इंस्टीट्यूट में प्रात: 8 बजे से किया गया। उद्घाटन समारोह में 48 बच्चों ने भाग लिया। सर्वप्रथम इंस्टीट्यूट के सभी सदस्यों के सामने बच्चों ने शपथ लिया कि खेल के दौरान पूरा अनुशासन बनाए रखेंगे। इसके पश्चात एडवर्ड स्टीफन के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की और बच्चो के द्वारा तिरंगे के रूप में गुब्बारे छोड़ कर शिविर का आगाज किया। यह शिविर 1 मई से 31 मई तक चलेगा।

इसके बाद कुमारी शशि मांडवी और टी. रमना राव ने रैली को निकालकर पूरे कॉलोनी का भ्रमण कराया और खेल खिलाड़ी जिंदाबाद के नारे लगाकर लोगों को खेल के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया।रैली समाप्ति के पश्चात बच्चों को इंस्टीट्यूट में खेल खेलने के फायदे के बारे में जानकारी दी गई।इस दौरान बच्चों के लिए इंस्टीट्यूट की ओर सभी को सफेद कैप जिसपर रेलवे इंस्टीट्यूट डी आर जेड लिखा हुआ था सभी बच्चो को वितरण किया गया। उनके लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। जिसे सुर्यकांत दिनकर, बहुर सिंह ठाकुर, धनसिंह , पुनेश्वर कुमार ने वितरण किया।

शिविर में शारीरिक फिटनेस के साथ साथ क्रिकेट,फुटबाल,बैडमिंटन,डांस, कराते सीखाने की व्यवस्था की गई है। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से सभी इंस्टिट्यूट के सदस्य तथा विशेष रूप से टिकेश्वर, डी के मुरली, राजेश आदि उपस्थित रहे।

आरडीए संचालक मंडल का हीरापुर योजना का दौरा : समस्याएं सुनी, निराकरण के दिए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर विकास प्राधिकरण संचालक मंडल के सदस्यों मे आज प्राधिकरण की डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर का दौरा किया। इस अवसर उन्होंने निवासियो की साफ – सफाई, नालियों के टूटफूट फ्लैट्स के रखरखाव और नालियों से संबंधित शिकायतों का अवलोकन किया। प्राधिकरण के उपाध्यक्षव्दय सूर्यमणि मिश्रा, शिव सिंह ठाकुर संचालक मंडल के संचालक मंडल के सदस्य राजेन्द्र पप्पू बंजारे, हिरेद्र देवांगन, और चन्द्रवती साहू से वहां के निवासियों ने कहा कि नियमित रुप से सफाई ठेकेदार के लोग काम करें इस बात के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया जाए।

प्राधिकरण व्दारा योजना में रिक्त फ्लैट्स जिन्हें विक्रय किया जाना है उसकी मरम्मत का कार्य भी किया जा रहा है। संचालक मंडल के सदस्यों ने योजना में बने शॉपिंग कॉम्पलेक्स में व्यावसायियों व वहां आने वाले ग्राहकों की सुविधा के लिए टॉयलेट ब्लॉक के जीर्णोव्दार के बाद उसे व्यवसायियों को सौंपा गया। इस अवसर पर क्षेत्र के व्यवसायी रितेश सिंह, बबलू केसरवानी, सी.एल.साहू, विकास केसरवानी, निवासियो में दर्शन कौर भामरा, मोहम्मद साजिद सहित प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अनिल गुप्ता, कार्यपालन अभियंता आर.के. जैन, सहायक अभियंता विवेक सिन्हा, उप अभियंता दिग्विजय साहू उपस्थित थे।

सोलर पंप लगने से किसानों को सिंचाई करने में हो रही सुविधा

कांकेर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही सौर सुजला योजना से ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों के जीवन में बदलाव हो रहा है। जिले के पहुंचविहीन एवं अविद्युतीकृत क्षेत्रों में सौर सुजला योजना के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों को खेती करने में आसानी हो रही है, जिससे किसानों के खेत लहलहाने लगे हैं और किसानों को सिंचाई के लिए परेशान नहीं होना पड़ रहा है। बिजली के अभाव में कई किसानों के द्वारा डीजल पंप का इस्तेमाल कर खेतों में सिंचाई किया जा रहा था, लेकिन बीते 03 साल के भीतर डीजल के दाम बढऩे के कारण वह भी छोटे किसानों के पहुंच से बाहर हो गया, जिससे किसान धान का उत्पादन भगवान भरोसे कर रहे थे। अब सौर सुजला योजना से सिंचाई सुविधा मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, सोलर पंप लगने से बंजर खेतों में किसान मडिय़ा, सरसो, उड़द जैसे दलहन-तिलहन फसलों का उत्पादन कर रहे हैं, जिससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हुई है।

विकासखण्ड कांकेर के ग्राम कोदागांव निवासी केसुराम साहू ने अपने गांव में प्रगतिशील कृषक के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है। वे बताते हैं कि उन्हें अपने खेतों में सिंचाई करने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी। पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण फसल का नुकसान भी झेलना पड़ता था और उन्हें अस्थाई बिजली कनेक्शन के माध्यम से सिंचाई हेतु जुगाड़ करना पड़ता था, तब जाकर वे अपनी फसलों के लिए सिंचाई की व्यवस्था कर पाते थे। लेकिन अब सौर सुजला योजना के तहत सोलर पंप लग जाने से सिंचाई समस्या से छुटकारा मिल गया है और वे अपने खेत में सरसों उड़द जैसी दलहन-तिलहन फसलों का उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है।

शादी में शामिल हुए मेहमानों पर मधुमक्खियों का हमला, 14 लोग घायल

मानपुर-अम्बगढ़चौकी (आरएनएस)। औंधी तहसील स्थित पेंदोड़ी में शादी में ऐसा खलल पड़ा कि खुशी और उत्साह में झूम रहे लोग अस्पताल पहुंच गए. दरअसल यहां मधुमक्खियों के डंक ने 14 लोगों की हालत बिगाड़ दी। जानकारी के मुताबिक ग्राम पेंदोड़ी में जयमन बेग के यहां शादी समारोह आयोजित है.इस शादी में आसपास के रिस्तेदार सम्मलित हुए है।मंगलवार को सुबह लगभग 8 बजे शादी में आये 10 से 19 साल तक के लडक़ा लडक़ी पेंदोड़ी जंगल घूमने गए ।जहाँ अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया. वही अन्य लोग स्वयं के बचाव में जंगल मे ही इधर उधर छिप गए लेकिन 11 लोगों को मधुमक्खियों ने निशाना बना लिया.वही किसी ने मधुमक्खी के हमले की जानकारी फोन के माध्यम से परिजन को दिया ।जानकारी के बाद परिजन जंगल पहुँचे पर उन पर भी मधुमक्खीयों ने हमला कर दिया जिससे 3 लोग घायल हो गए।वही सभी ने जैसे तैसे अपनी जान बचा कर जंगल से बाहर निकल इसकी जानकारी ग्रामीणों व ग्राम पंचायत सचिव हरेंद्र बोरकर को दिया,बोरकर ने अपने निजी वाहन से 4 लोगो को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र औंधी पहुँचाया वही बाकी लोगो को 108 की मदद से अस्पताल पहुचाया गया जिसमें 11 लोगो गंभीर है वहीं तीन लोगों की स्थिति सामान्य है इन सभी का उपचार किया जा रहा है।

14 लोग हुए घायल

मधुमक्खी डंक लगने से बिकेश लकड़ा 18 अजित एक्का 15 जीवन लकड़ा 17आस्ति 12,संतोष एक्का,जीवन,सुचिता लकड़ा अजित एक्का, एफ्रीन,रेसमा खलखो,सहित अन्य लोग घायल हुए है । बताया जा रहा है कि किसी पेड़ मे मधुमक्खी का छत्ता लगा था,चमगादड़ को मारते वक्त पत्थर या फिर चमगादड़ के टकराने से विचलित हो कर मधुमक्खियां बाहर निकल आई होगी और सभी को डंक मार दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सैद्धांतिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

हिर्री खदान के ठेका श्रमिकों और उनके पात्र परिजनों को मेडिकल सुविधा देने के लिए समझौता हस्ताक्षरित

भिलाई (आरएनएस)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के हिर्री खदान के ठेका श्रमिकों और उनके पात्र परिजनों को मेडिकल सुविधा देने के लिए दल्ली राजहरा, नंदिनी की तरह हिर्री खदान में भी दिनांक 29 अप्रैल 2023 को आर बी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, बिलासपुर के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। हिर्री खदान में आयोजित इस संक्षिप्त और गरिमामय कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर से मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (खदान एवं रावघाट) समीर स्वरूप, महाप्रबंधक (खदान) एवं अभिकर्ता हिर्री खदान अनुपम बिष्ट, महाप्रबंधक (कार्मिक-गैर संकार्य एवं खदान) एस के सोनी तथा उप महाप्रबंधक सह खदान प्रबंधक (हिर्री खदान) सोमनाथ कुमार सिंह उपस्थित थे। अस्पताल प्रबंधन की ओर से डायरेक्टर डॉ आर पी मिश्रा के अलावा इस अवसर पर हिर्री खदान के तीनों यूनियन एच एस ई यू (सीटू), एस के एम् एस (एटक), के एम् एस (बी एम् एस) के पदाधिकारी, कार्यरत ठेकेदार एवं ठेका श्रमिक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि खदान क्षेत्र में ई एस आई लागू नहीं है, जिसके कारण ठेका श्रमिक और उनके पात्र परिजन मेडिकल सुविधा से वंचित रहते हैं, इस बात को संज्ञान में लेते हुए प्रबंधन द्वारा एक योजना शुरू की जिससे ठेका श्रमिक और उनके पात्र परिजनों को ओपीडी की नि:शुल्क सुविधा उक्त अस्पताल में दिनांक 1 मई 2023 से मिलेगी। कार्यक्रम के आरंभ में महाप्रबंधक (कार्मिक-गैर संकार्य एवं खदान) ने इस समझौते के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं ठेकेदारों तथा यूनियन प्रतिनिधियों के सवालों और शंकाओं का निराकरण किया। यह व्यवस्था अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस से प्रारम्भ हो जायेगी। आर बी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस बिलासपुर के डायरेक्टर आर पी मिश्रा ने सभी ठेका श्रमिकों को बधाई देते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र एवं खदान प्रबंधन के इस योजना की सराहना की एवं आश्वासन दिया कि आर बी प्रबंधन द्वारा इस योजना के कार्यान्वयन में पूर्ण सहयोग दिया जायेगा। महाप्रबंधक (खदान) एवं अभिकर्ता (हिर्री खदान) अनुपम बिष्ट ने इस ऐतिहासिक समझौते के लिए बधाई देते हुए आर बी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एवं यूनियन पदाधिकारियों को समझौते को लागू करने में आवश्यक सहयोग तथा निरंतर सुधार के लिए कहा। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (खदान एवं रावघाट) समीर स्वरूप ने सभी ठेका श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। इस्पात प्रबंधन ठेका श्रमिकों के कल्याण के लिए आगे भी बढ़ चढक़र कार्य करेगा।

इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक मिलिंद सहारे, अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी हेमंत भुआर्य, सीटू के अध्यक्ष मंतोष सेन, उपाध्यक्ष पार्था चटर्जी, एस के एम एस यूनियन के अध्यक्ष अशोक पाटले, के एम एस के अध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, सचिव प्रत्युषकान्त त्रिवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष पृथ्वी सहगल, क्रसिंग संयंत्र ठेकदार प्रतिनिधि संदीप साहनी, ठेकदार प्रतिनिधि पासवान सत्करतार, अन्य पदाधिकारी सहित ठेका श्रमिक रमेश साहू, सुरेश जोशी, कलीराम, शिशुपाल, नारायण रजक, अशोक साहू, कुलेश्वर साहू, नरेश साहू, कुशल, अकरम, राउफखान, हरिसिंह, शिवा, सेवक राम एवं अनिल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्रबंधक (कार्मिक-हिर्री खदान) एस के नायक ने किया और सोमनाथ कुमार सिंह ने इस ऐतिहासिक समझौते के लिए प्रबंधन का धन्यवाद करते हुए सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।